उत्तराखण्ड शासन
संस्कृत शिक्षा अनुभाग
संख्या– 161 /XLII-1/2026/05(08)2012/E-70356
देहरादूनः दिनांक 02 फरवरी, 2026

महानिदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
~~लाडपुर, रिंग रोड, निकट किसान भवन,~~
देहरादून, उत्तराखण्ड।

कृपया उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार में सचिव के 01 पद पर प्रतिनियुक्ति/सेवास्थानान्तरण के माध्यम से तैनाती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने के लिए संलगन विज्ञप्ति को शासकीय दरों पर, दैनिक रूप से पढ़े जाने वाले 02 हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्रों के मुख पृष्ठ पर प्रकाशित कराने तथा शासकीय वेबसाइट, Linkedin, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी सम्बन्धित विज्ञापन को प्रसारित करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में विज्ञापन से सम्बन्धित बीजक सचिव, उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, रानीपुरझाल, हरिद्वार को प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

(कवीन्द्र सिंह)
अपर सचिव।

संख्या– 161 (1)/XLII-1/2026/05(08)2012/E-70356 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1– निदेशक, आई0टी0डी0ए0, आई0टी0 पार्क, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को नियमानुसार शासकीय वेबसाइट www.uk.gov.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2– सचिव, उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार को उपरोक्तानुसार प्राप्त होने वाले बीजकों के नियमानुसार भुगतान करने एवं इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया संलग्न विज्ञप्ति को उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार की शासकीय वेबसाइट सहित सोशल मीडिया प्लेफॉर्म पर भी प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3– गार्ड फाइल।

(कवीन्द्र सिंह)
अपर सचिव।

उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी
आवती सं0 957
दिनांक 05/02/26

प्रशा. अधि. / प्रकाशन
06/02/26

कार्यालयः सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

पत्रांक– 161 /XLII-1/2026-05(08)2012/E-70356 देहरादूनः दिनांक 02 फरवरी, 2026

## विज्ञप्ति

संस्कृत शिक्षा विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार में **सचिव के रिक्त 01 पद वेतनमान रू0 37400–67000 ग्रेड पे रू0– 8000/– (छठे वेतनमान के अनुसार)** पर 03 वर्ष अथवा शासन के अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो तक के लिए सेवास्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से तैनाती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता, योग्यता एवं अन्य अर्हताओं के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण राज्य सरकार की वेबसाइट www.uk.gov.in पर अवलोकनीय हैं।

उक्त पद हेतु निर्धारित समस्त अर्हताओं को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी वांछित अभिलेखों सहित निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से **विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि के 30 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस में सायं 6:00 बजे** तक सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन संख्या–205, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम भवन, 04 सुभाष रोड़, देहरादून–248001 में जमा कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप तथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्राप्त न होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

Digitally signed by
Kavindra Singh
Date: 02-02-2026
10:59

(कवीन्द्र सिंह)
अपर सचिव,
संस्कृत शिक्षा,
उत्तराखण्ड शासन।

कार्यालयः सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।

पत्रांक– 161 /XLII-1/2026-05(08)2012/E-70356 देहरादूनः दिनांक 02 ~~जनवरी~~ फरवरी, 2026

**विज्ञप्ति**

संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के अन्तर्गत उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार में **सचिव के 01 पद वेतनमान रू0 37400–67000 ग्रेड पे रू0–8000/– (छठे वेतनमान के अनुसार)** पर सेवास्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी एवं राज्य सरकार की वैबसाईट www.uk.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेख संलग्नकों सहित नियत तिथि/समय तक **सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सचिवालय, कक्ष संख्या–205, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम भवन, 04 सुभाष रोड़, देहरादून–248001** के पते पर स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप तथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्राप्त न होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सेवास्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति** के माध्यम से भरे जाने वाले सचिव के रिक्त पद तैनाती हेतु निर्धारित शर्तों का विवरण

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पदों की संख्या | अर्हताएं/अधिमानीअर्हताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सचिव उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार | **रू0 37400–67000 ग्रेड पे रू0–8000/– (छठे वेतनमान के अनुसार)** | 01 | अनिवार्य अर्हताएंः–<br>1. आवेदक राजकीय महाविद्यालय में संस्कृत/हिन्दी में प्रवक्ता (छठे वेतनमान के अनुसार) के पद पर अध्यापन कार्य के साथ शोध निर्देशन का अनुभव रखता हो।<br>**अथवा**<br>आवेदक उत्तराखण्ड के किसी राजकीय इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हो<br>2. आवेदक की आयु दिनांक 01 जनवरी, 2026 को 50 वर्ष से कम तथा 55 वर्ष से अधिक न हो।<br>3. आवेदक को सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति हेतु अपने पैतृक विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी आवेदन पत्र के साथ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br>4. आवेदक को विगत 05 वर्षों में कोई प्रतिकूल प्रविष्टि न दी गयी हो।<br>5. मा0 न्यायालय में वाद न चलने सम्बन्धी प्रमाण पत्र।<br>6. विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही प्रचलित न होने का प्रमाण पत्र।<br><br>अधिमानी **अर्हता:**—<br>समान अंक होने की स्थिति में स्नातकोत्तर डिग्री/पी.एच.डी. उपाधि धारक को वरीयता दी जायेगी। |

आवेदन पत्र विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि के 01 माह के भीतर अथवा 30 दिवसों में किसी भी कार्य दिवस में सायं 6:00 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से विज्ञप्ति मे प्रकशित पते पर जमा किये जा सकते हैं। इस अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(कवीन्द्र सिंह)
अपर सचिव।

## उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार में सचिव के रिक्त पद पर सेवास्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से चयन हेतु आवेदन पत्र

1. आवेदक का नाम–.............................................................

2. पिता/पति का नाम–.......................................................

3. स्थायी पता–..................................................................

4. पत्राचार का पता–............................................................

5. सेवास्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदित पद का नाम एवं वेतनमान–...................................

6. मूल विभाग का नाम–.......................................................................................................

7. मूल विभाग में कार्यरत पदनाम एवं वेतनमान–.........................................................................

8. जन्म तिथि–..........................................................................................................................

9. प्रथम नियुक्ति की तिथि–.........................................................................................................

10. शैक्षिक योग्यता–..................................................................................................................

11. राजकीय सेवा में स्थायी/अस्थायी (अस्थायी होने की स्थिति में स्थायीकरण की तिथि सहित)
.....................................................................................................................................

12. राजकीय सेवा अनुभव का विवरण–.........................................................................................

हस्ताक्षर अभ्यर्थी के नाम सहित

### घोषणापत्र

मैं.............................................पुत्र/पुत्री श्री/श्रीमती............................................यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त अंकित सूचनायें सही एवं सत्य है। सूचनायें सही न पाये जाने पर समस्त उत्तरदायित्व मेरा होगा एवं सक्षम अधिकारी विभागीय कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होंगे।

हस्ताक्षर अभ्यर्थी के नाम सहित



File No. SANS-MISC/MIS/13/2024-XLII-1-Sanskrit Education Department (Computer No. 70356)
Generated from eOffice by TARUN DHANJIWAL, Section Officer-Sanskrit Education Section-TD, SECTION OFFICER, Sanskrit Education Department on 02/02/2026 06:00 pm